Lecture series on awareness program on area, scope and functioning of ICC BBAU, 2024









Internal Complaint Committee

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY

(A central University)

Vidya Vihar, Raebareli Road Lucknow-226025

Organising a Lecture Series on Area, Scope and Functioning of ICC

CHIEF GUEST -	**Mrs. Aparna Yadav** Vice President, U.P. State Commission for Women
GUEST OF HONOUR -	**Mrs. Dimple Verma** Director Journal youth Welfare (Retd.), Member RERA
KEYNOTE SPEAKER -	**Ms. Ruchita Chaudhary** SP/Women & Child Security Organisation (Retd.)
INVITED SPEAKER -	**Dr. Pooja Thakur Sekera** Social Activist
INVITED SPEAKER -	**Dr. Shuchita Chaturvedi** Member, U.P. State Commission for Protection of Child Rights

Venue:
Conference hall,Old Admin Building, BBAU, Lucknow

Date &Time:
24th October 2024 at 10:00 AM

NOTE: Certificate and prize distribution of art competition held by ICC.







आंतरिक शिकायत समिति

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

विद्या विहार रायबरेली रोड, लखनऊ

द्वारा आयोजित

व्याख्यानमाला

आईसीसी के क्षेत्र, कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

दिनांक: 24-10-2024, प्रातः 10:00 बजे

मुख्य अतिथि- माननीया अर्पणा बिष्ट यादव, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग

विशिष्ट अतिथि- श्रीमती डिंपल वर्मा, निदेशक युवा कल्याण (सेवानिवृत्त), सदस्य रेरा

मुख्य वक्ता- श्रीमती रुचिता चौधरी, एसपी/महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (सेवानिवृत्त)

वक्ता- डॉ सुचिता चतुर्वेदी, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

वक्ता- डॉ. पूजा सिकेरा, समाज सेविका

अध्यक्षता- प्रो. आभा मिश्रा, अध्यक्ष,आई.सी.सी., बी. बी. ए. यू., लखनऊ

आयोजक

आंतरिक शिकायत समिति

कार्यक्रम स्थल: कॉन्फ्रेंस हाल, पुराना प्रशासनिक भवन, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ

नोट: आईसीसी द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण।





























Lecture series on awareness program on area, scope and functioning of ICC BBAU, 2024

भारत में महिला सुरक्षा चिंता का विषय : डिम्पल वर्मा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को इंटर्नल कंप्लेंट कमेटी की ओर से आईसीसी का क्षेत्र, दायरा और कार्यप्रणाली विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूथ वेलफेयर की सेवानिवृत्त डायरेक्टर जनरल एवं रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की सदस्य डिम्पल वर्मा, मुख्य वक्ता के तौर पर सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन रुचिता चौधरी, आमंत्रित वक्ता के तौर पर बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूपी राज्य आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी और समाज सेविका डॉ. पूजा ठाकुर सिकेरा एवं आईसीसी, बीबीएयू की चेयरपर्सन प्रो. आभा मिश्रा मौजूद रहीं।

यूथ वेलफेयर की सेवानिवृत्त डायरेक्टर जनरल ने कहा कि भारत में महिला सुरक्षा एक बड़ी चिंता का विषय है। पिछले कुछ सालों में देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध काफी हद तक बढ़ गए हैं। कहीं- न- कहीं यौन उत्पीड़न का कारण लिंग- अनुकूल वातावरण की कमी और अनुचित कार्यात्मक बुनियादी ढांचा है। मुख्य वक्ता एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक रुचिता चौधरी ने कहा कि विचारों की हिंसा सबसे खतरनाक होती है इसीलिए विचारों को स्वच्छ रखते हुए सभी को सभ्य समाज का परिचय देना चाहिए। आमंत्रित वक्ता डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने कहा कि आज के समय में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के साथ-साथ उन्हें सशक्त बनाना भी अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह स्वयं से जुड़े फैसले खुद ले सकें और अपना वास्तविक अधिकार हासिल कर सकें। सरकार द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं लागू की गई है जो कि वास्तव में एक सकारात्मक कदम है। आमंत्रित वक्ता डॉ. पूजा ठाकुर सिकेरा ने कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न के विषय पर प्रकाश डाला। इसी के साथ उन्होंने डिजिटली सुरक्षा के लिए उपयोगी एप्लिकेशन्स की भी जानकारी दी। उन्होंने 'चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो' नारे की गंभीरता को समझाते हुए प्रत्येक नागरिक को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में कदम उठाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आईसीसी द्वारा 'स्त्री' विषय पर आयोजित कला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुदर्शन वर्मा, प्रो. दीपा.एच. द्विवेदी, प्रो. शुशदाशुपी, डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, डॉ. रविशंकर वर्मा, डॉ. रुबीलता, अन्य शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



Media Coverage of event 24 Oct 2024

